न्यायालय उप जिला कलक्टर एवं उप जिला मजिस्ट्रेट गंगापुर सिटी
जिला सवाई माधोपुर
पीठासीन अधिकारी–श्री बृजेन्द्र मीना, आर0ए0एस0

मुकदमा नम्बर	तारीख रजू	तारीख निर्णय
16 / 2024	11.6.2024	25.8.25

दशरथसिंह पुत्र सरदार, गुर्जर निवासी थली तह0 गंगापुर सिटी —प्रार्थी

बनाम

1. नवल पुत्र दरबसिंह, गुर्जर निवासी थली तह0 गंगापुर सिटी
2. जगदीश पुत्र रामधन, गुर्जर निवासी थली तह0 गंगापुर सिटी
3. सुबुद्धि पुत्र किशनलाल, गुर्जर निवासी थली तह0 गंगापुर सिटी
4. करणसिंह उर्फ वरणसिंह पुत्र गुजरया, गुर्जर निवासी थली तह0 गंगापुर
5. रामबाबू पुत्र रामसिंह, गुर्जर निवासी थली तह0 गंगापुर सिटी
6. लैण्ड होल्डर तहसीलदार गंगापुर सिटी

—अप्रार्थीगण

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 128 राजस्थान भू–राज0 अधिनियम

उपस्थित :– श्री रामदयाल त्रिवेदी, एडवोकेट, प्रार्थी की ओर से
श्री हुकमसिंह गुर्जर, एडवोकेट, अप्रार्थी संख्या 2 की ओर से

निर्णय

प्रार्थी ने प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 128 राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम इस आशय का प्रस्तुत किया है कि प्रार्थी एवं उसके भाई धारासिंह, भंवरसिंह पुत्रान सरदार की सहखातेदारी का खेत ख0न0 421 रकबा 1.05 है0 ग्राम थली स्थित हे। इस खेत ख0न0 421 के सहारे उत्तर मे ख0न0 420 व उत्तर पश्चिम मे ख0न0 402, अप्रार्थी संख्या नवल 1 नवल पुत्र दरबसिंह व उसके अन्य सहखातेदारान का तथा पश्चिम मे ख0न0 422 अप्रार्थी संख्या 2 जगदीश पुत्र रामधन व अन्य सहखातेदारान का, उत्तर दिशा मे ख0न0 417 सुबुद्धि पुत्र किशनलाल अप्रार्थी संख्या 3 व उसके अन्य सहखातेदारान का, उत्तरपूर्व मे ख0न0 416 अप्रार्थी संख्या 4 करणसिंह व उसके अन्य सहखातेदारान का, पूर्व दिशा मे ख0न0 434 रामबाबू पुत्र रामसिंह, अप्रार्थी संख्या 5 व उसके अन्य सहखातेदारान का है। प्रार्थी ने अपने ख0न0 421 की सीमाज्ञान करवाने के लिए तहसीलदार गंगापुर सिटी के यहाॅ दिनांक 15.6.23 को प्रार्थना पत्र पेश किया। जिस पर दिनांक 15.6.23 को पटवारी हल्का बामनबडौदा ने ख0न0 421 रकबा 1.05 है0 का सीमाओं का [illegible] पुख्ता निशानात लगवा कर सीमाज्ञान करवाया। दिनांक 5.6.24 को अप्रार्थी संख्या 1 ता 5 द्वारा प्रार्थी के खेत की सीमाज्ञान कर लगवाये गये सीमाचिन्हों को तोड फोड कर दी। अतः प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर निवेदन है कि प्रार्थी की भूमि ख0न0 421 रकबा 1.05 है0 ग्राम थली का सीमाज्ञान दिनांक 15.6.23 के आधार पर पत्थरगढी करवायी जावें।

Signature Not Verified
Digitally signed by Brijendra Meena
Date: 2025.09.03 11:18:36 IST
Reason: SelfAttested

उपखण्ड अधिकारी
गंगापुर सिटी (राज0)

प्रार्थना पत्र के समर्थन में प्रार्थी ने नकल जमाबंदी सं0 2070 से 2073 खाता संख्या 29,27,25,99,109,10 ग्राम थली, नकल सीमाज्ञान रिपोर्ट थली दिनांक 15.6.23 प्रस्तुत किए हैं।

प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर किया जाकर अप्रार्थी को तलब किया गया। अप्रार्थी संख्या 1,3,4,5 बाबजूद सूचना हाजिर अदालत नही हुए है। इनके विरूद्ध एकतरफा कार्यवाही की गई।

अप्रार्थी संख्या 2 को कई अवसर दिये जाने के बाद भी अप्रार्थी संख्या 2 द्वारा जबाब प्रस्तुत नही किया गया। इस कारण अप्रार्थी संख्या 2 का जबाब का अवसर बंद किया गया।

वकील उभयपक्ष को सुना गया।

प्रार्थी के विद्धान वकील ने अपने प्रार्थना पत्र के अनुरूप बहस करते हुए प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर पत्थरगढी करवाने का निवेदन किया है।

अप्रार्थी संख्या 2 के विद्धान वकील ने प्रार्थना पत्र को खारिज करने का निवेदन किया है।

बहस पर मनन किया। पत्रावली पर उपलब्ध अभिलेख का अवलोकन किया। नकल सीमाज्ञान रिपोर्ट दिनांक 15.06.2023 से स्पष्ट है कि प्रार्थी को भूमि ख0न0 421 रकबा 1.05 है0 ग्राम थली तहसील गंगापुर सिटी का सीमाज्ञान कराया जा चुका है। भूमि ख0न0 421 रकबा 1.05 है0 ग्राम थली की भूमि सहखातेदारी मे दर्ज है तथा पत्थरगढी के लिए आवेदन एक ही खातेदार द्वारा किया गया है। फलस्वरूप प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार किये जाने योग्य नही है।

आदेश

अतः उपरोक्त विवेचन के अनुसार प्रार्थी का प्रार्थना पत्र अस्वीकार किया जाकर खारिज किया जाता है।

पत्रावली फैसलशुमार होकर नम्बर से कम हो एवं बाद तकमील दाखिल दफ्तर हो।

निर्णय आज दिनांक 25/8/25 को न्यायालय में सुनाया गया ।

Signature Not Verified
Digitally signed by Brijendra Meena
Date: 2025.09.03 11:18:36 IST
Reason: SelfAttested

(बृजेन्द्र मीना)
उप जिला कलक्टर
गंगापुर सिटी

उपखण्ड अधिकारी
गंगापुर सिटी (राज0)